# इरेडा ने लॉन्च किया 'व्हिसल ब्लोअर' पोर्टल





नई दिल्ली, 2 नवंबर, 2021
भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान है, ने आज 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' के एक भाग के रूप में 'व्हिसल-ब्लोअर पोर्टल' लॉन्च किया। इस पोर्टल को इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की अपर सचिव, डॉ प्रवीण कुमारी सिंह ने इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, इरेडा की सीवीओ, सुश्री मनीषा सक्सेना, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लॉन्च किया गया ।

इस पोर्टल के माध्यम से, इरेडा के कर्मचारीगण धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग आदि से संबंधित चिंताओं को उठा सकते हैं। इस पोर्टल को इरेडा की आईटी टीम द्वारा विकसित किया गया है। इस पोर्टल का शुभारंभ करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने इस बात पर प्रकाश डाला कि व्हिसल ब्लोअर पोर्टल भ्रष्टाचार के प्रति इरेडा की "जीरो टॉलरेंस" का एक हिस्सा है। श्री दास ने कंपनी की बेहतर एवं सुशासन नीति को दोहराते हुए पारदर्शिता और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के महत्व पर जोर दिया।

सीवीसी की अपर सचिव, डॉ. प्रवीण कुमारी सिंह ने इरेडा द्वारा व्हिसल ब्लोअर पोर्टल लॉन्च करने के लिए बधाई दी। इसके अलावा, उन्होंने व्हिसल ब्लोअर नीति पर एक संवादात्मक सत्र का भी संचालन किया। इस सत्र के दौरान, उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए इरेडा के कर्मचारियों को सीवीसी के राजदूतों के रूप में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर, इरेडा द्वारा सतर्कता पत्रिका 'पहल' का नवीनतम अंक भी जारी किया गया। सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान (26 अक्टूबर से 2 नवंबर 2021) के दौरान, विभिन्न गतिविधियां जैसे ग्राहकों और विक्रेताओं के साथ उनकी शिकायतों के निवारण के लिए बातचीत, सेमिनार, कार्यशालाएं, भाषण प्रतियोगिता, कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी, छात्र-छात्राओं के लिए ड्रॉइंग और नृत्य प्रतियोगिता, नुक्कड़-नाटक और अन्य सतर्कता संबंधी जागरूकता गतिविधियों को 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' विषय- 'स्वतंत्र भारत का 75वां वर्ष : सत्यनिष्ठा के साथ आत्मनिर्भरता' के अनुरूप किया गया।